# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/567/2025 दिनांक : 10/12/2025

सेवा में,

1. प्राचार्य/प्राचार्या,
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, आगरा
2. समस्त निदेशक, विभागाध्यक्ष, डीन, प्रभारी
   आवसीय इकाई।

विषयः– जनपद स्तरीय एकदिवसीय युवा उत्सव आयोजन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयक जिला युवा कल्याण एवं जिला विकास अधिकारी, आगरा के पत्र संख्या 377 युवा कल्याण/युवा सौ/25–26 दिनांक 06.12.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 दिसम्बर, 2025 को विश्वविद्यालय के जे०पी० सभागार, विवेकानन्द परिसर, आगरा में आयोजित किया जा रहा है।

इस उत्सव में डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, लोकनृत्य समूह, लोकगीत समूह, कविता, इनोवेशन, साइंस मेला प्रदर्शनी आदि विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जानी हैं। उक्त में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 'माई भारत पोर्टल' (mybharat.gov.in) के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है।

अतः जनपद–आगरा में संचालित समस्त महाविद्यालयों/आवासीय इकाइयों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त कार्यक्रम एवं तिथि से समस्त छात्र–छात्राओं को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें, ताकि इच्छुक छात्र–छात्राएं ससमय पोर्टल पर पंजीकरण कराकर प्रतिभाग सुनिश्चित कर सकें।

**संलग्नकः–यथोपरि।**

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. प्रभारी कुलपति–सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. जिला युवा कल्याण एवं जिला विकास अधिकारी, आगरा।
3. उप–कुलसचिव, आवसीय इकाई।
4. एजेन्सी को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सूचना को जनपद–आगरा के समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन में अपलोड़ करना सुनिश्चित करें।
5. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett

D.B.R.A.U.-Registrar Office
आ०सं० 1538 दि० 10/12/25
जा०सं० ........ दि० ........

प्रेषक,

ज़िला युवा कल्याण एवं
प्रादेशिक विकास दल अधिकारी आगरा

AKL (Affi)
Issue letter to All colleges and R.W departments.
10/12/2025

सेवा में,

**कुलसचिव**
डॉ॰ भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी आगरा।

पत्रांक 5415 युवा कल्याण/ युवा सौ/25-26

दिनांक-06.12.25

**विषय- जनपद स्तरीय एकदिवसीय युवा उत्सव आयोजन के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में सादर अवगत कराना है कि युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन दिनांक -16.12.25 को जे पी सभागार में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें डिक्लेमेशन ,कहानी लेखन, पेंटिंग ,लोकनृत्य समूह / ~~एकल~~,,लोकगीत समूह/ ~~एकल~~ कविता, इनोवेशन ,साइंस मेला प्रदर्शनी आदि विधाओं में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि उक्त विधाओं में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन माई भारत पोर्टल के माध्यम से कराने हेतु एवं दिनांक 16 .12.25 को युवा उत्सव में प्रतिभाग करने हेतु अपने स्तर से संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित करने का कष्ट करें।आपकी अति कृपा होगी

जिला युवा कल्याण एवं
जिला विकास अधिकारी आगरा |

80
10/12/25

प्रतिलिपि

1- मुख्य विकास अधिकारी महोदया की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित

जिला युवा कल्याण एवं
जिला विकास अधिकारी आगरा |